07.05.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10 pm

प्रादेशिक समाचार

ऑपरेशन सिंदूर-पत्रकार वार्ता

भारतीय सेना द्वारा कल रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम हमले पर जवाबी कार्रवाई करते हुए ने 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। 25 मिनट की कार्रवाई ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इनमें पाकिस्तान के सियालकोट में सरजाल कैंप, महमूना जोया और मरकज तैयबा मुरीदके तथा बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह शामिल थे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में सैयद ना बिलाल, कोटली गुलपुर, बिम्बर और कोटली अब्बास में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। यह ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने हमले की जानकारी दी।

हमले जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने वाली भारत की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि भारत पर और भी हमले हो सकते हैं।

पत्रकार वार्ता में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हमारे संवाददाता ने बताया कि संयुक्त प्रैस वार्ता के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई की सटीकता और लक्षित स्थलों के आतंकी गतिविधियों से संबंधों को उजागर करने के लिए ऑडियो और वीडियो इनपुट के साथ एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

परिजन रिएक्शन

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम हमले में अपने परिजनों को खोने वालों ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए कहा कि यह मृतकों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी । हमले अपनी जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्वेदी की पत्नी एशान्या द्वेदी ने कहा कि इस ऑपरेशन के नाम से ही स्पष्ट है कि सेना ने हमारा बदला लिया है।

आतंकी हमले में मारे गए पुणे के संतोष जगदाले की बेटी असावरी जगदाले ने कहा, कि ऑपरेशन का नाम सुनकर वह भावुक हो गई।

*इसी आतंकी हमले में मारे गए नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की परिजन माया  बताया कि उनका परिवार प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।*

प्रतिक्रिया

ऑपरेशन सिंदूर पर देश और प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने खुशी जाहिर की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस ऑपरेशन से देश गौरान्वित है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना शक्ति संपन्न है, जो देश के दुश्मनों से निपटने में सक्षम है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था वह करके दिखाया पाकिस्तान में पल रहे एक-एक आतंकी को चुन चुन कर मारने का काम किया गया है। पाकिस्तान पर हुई इस कार्रवाई का आम लोगों ने स्वागत किया है।

ग्वालियर के डॉ. सुनील शर्मा ने आकाशवाणी को बताया पाकिस्तान में जड़ जमा चुके आतंकी का पूरा सफाया होना चाहिए।

मुख्यमंत्रियों की बैठक

ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, डीजीपी और मुख्य सचिवों की बैठक बुलाई है। बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल हिस्सा ले रहे हैं

---------------------